# ई-ट्यूटोरियल

1. एनआरआई ई-सेवा लिंक के माध्यम से ट्रेसेज़ वेबसाइट पर करदाता पंजीकरण और लॉगिन पर महत्वपूर्ण जानकारी
2. एनआरआई करदाता पंजीकरण के संक्षिप्त चरण
3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड

कॉपीराइट © 2016 आयकर विभाग

# 1. एनआरआई ई-सेवा लिंक के माध्यम से ट्रेसेज़ वेबसाइट पर करदाता पंजीकरण और लॉगिन पर महत्वपूर्ण जानकारी

एनआरआई करदाता www.nriservices.tdscpc.gov.in के माध्यम से ट्रेसेज़ वेबसाइट पर लॉग इन करेंगे।

•उपयोगकर्ता ट्रेसेज़ पोर्टल के माध्यम से निम्नलिखित क्रियाकलापों को करने में सक्षम होंगे:

1. पंजीकरण
2. फॉर्म 26एएस/एटीएस देखने / डाउनलोड करने में
3. फॉर्म 16बी/16सी/16डी/16ई डाउनलोड करने में
4. प्रोफ़ाइल प्रबंधित करने, पासवर्ड बदलने में
5. 26 क्यू बी / 26क्यू सी/ 26 क्यू डी / 26 क्यू ई संशोधन करने में
6. डिजिटल हस्ताक्षर पंजीकरण करने में
7. डिफ़ॉल्ट सारांश 26क्यू बी /26 क्यू सी /26 क्यू डी/ 26 क्यू ई देखने में
8. औचित्य रिपोर्ट डाउनलोड करने में- 26 क्यू बी /26 क्यू सी /26 क्यू डी/26 क्यू ई
9. समाधान के लिए अनुरोध दर्ज़ करने में
10. फॉर्म 13/15सी/15 डी के लिए अनुरोध करने में
11. 26 क्यू बी /26 क्यू सी /26 क्यू डी रिफंड के लिए अनुरोध प्रस्तुत करने में

कॉपीराइट © 2016 आयकर विभाग

# 2. एनआरआई करदाता पंजीकरण के संक्षिप्त चरण

**ट्रेसेज़** वेबसाइट तक पहुंचने के लिए (URL) www.nriservices.tdscpc.gov.in टाइप करें, करदाता को यहां **"नए उपयोगकर्ता-करदाता के रूप में पंजीकरण करें"** विकल्प पर क्लिक करना होगा।

- **चरण 1:** ककरदाता को www.incometax.gov.in से सत्यापित करने के बाद पैन संख्या, जन्म तिथि, नाम (प्रथम, मध्य और उपनाम) प्रदान करना होगा।
- **चरण 2:** करदाता को **विकल्प 1**, **विकल्प 2** या **विकल्प 3** में विवरण भरना आवश्यक है:

**विकल्प 1** — विवरण कटौतीकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए फॉर्म 16/16ए/27डी से भरा जा सकता है।

**विकल्प 2** — करदाता द्वारा स्व-आकलन कर, अग्रिम कर या संपत्ति की बिक्री पर टीडीएस, किराए पर टीडीएस के लिए भुगतान किए गए चालान से विवरण दाखिल किया जा सकता है।


**विकल्प 3** — विवरण 26 एएस से भरे जा सकता है और संशोधन आईडी/अनुरोध आईडी वर्तमान क्रेता द्वारा प्रदान की जाएगी। इस विकल्प का उपयोग 26 क्यू बी संशोधन में स्वीकृति के लिए विक्रेता/खरीदार पंजीकरण के लिए किया जा सकता है।

- **चरण 3**: करदाता को आगे बढ़ने के लिए संचार पता और विवरण जैसे मकान नंबर, ब्लॉक, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी भरना आवश्यक है।
- **चरण 4** : करदाता को आगे बढ़ने के लिए सुरक्षा प्रश्न बनाने के बाद पासवर्ड बनाने की आवश्यकता है।
- **चरण 5** : करदाता पहले भरे गए सभी विवरण देख सकता है और यदि आवश्यक हो तो विवरण संपादित कर सकता है या फिर आगे जाने के लिए इसकी पुष्टि कर सकता है।
- उपरोक्त सभी चरणों के पूरा होने के बाद, पटल पर सफलता संदेश दिखाई देगा जिसमें लिखा होगा **"पंजीकरण अनुरोध सफलतापूर्वक सबमिट किया गया"**। फिर करदाता को पंजीकृत ईमेल आईडी पर एक **"एक्टिवेशन लिंक"** के अतिरिक्त **"एक्टिवेशन कोड"** प्राप्त होगा, जिसका उपयोग खाते को सक्रिय करने के लिए किया जा सकता है। गलत सत्यापन डाटा की स्थिति में, पंजीकरण विफल का मेल करदाता को प्रेषित किया जाएगा।
- खाता सक्रिय होने के बाद, उपयोगकर्ता ट्रेसेज़ वेबसाइट पर लॉग इन कर सकेगा।

कॉपीराइट © 2016 आयकर विभाग

# 3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड


ट्रेसेज़ वेबसाइट (www.nriservices.tdscpc.gov.in) पर जाएं, ट्रेसेज़ आवरण पृष्ठ दिखाई देगा, आगे बढ़ने के लिए "जारी रखें" पर क्लिक करें




कॉपीराइट © 2016 आयकर विभाग

# 3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड (जारी..)


## चरण 1: नए उपयोगकर्ता के रूप में पंजीकरण पर क्लिक करें




कॉपीराइट © 2016 आयकर विभाग

# 3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड (जारी..)


**चरण 1 (जारी..) : पंजीकृत होने के लिए पैन विवरण दर्ज करें। जन्म तिथि और नाम (पहला नाम, मध्य नाम या अंतिम नाम/उपनाम) पैन डाटाबेस के अनुसार**




कॉपीराइट © 2016 आयकर विभाग

# 3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड (जारी..)

**चरण 2 : 'विकल्प 1' (कटौतीकर्ता का कोई भी टैन दर्ज करें जिसने 1 अप्रैल 2011 को या उसके बाद करदाता से टीडीएस की कटौती की और कटौती का विवरण)**





कृपया संबधित कटौती का माह और जमा की गई टीडीएस राशि का चयन करें. **करदाता को कर जमा करने के बजाय उस महीने का चयन करना होगा जिसमें कर की कटौती हुई है।**

**विकल्प 1 :** विवरण कटौतीकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए फॉर्म 16/16ए/27डी से भरा जा सकता है.

कॉपीराइट © 2016 आयकर विभाग

# 3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड (जारी..)

**चरण 2 (जारी..) : 'विकल्प 2' यदि आपने 1 अप्रैल, 2011 के बाद स्व:आकलन कर ,अग्रिम कर, संपत्ति पर टीडीएस और किराए पर टीडीएस के लिए चालान का भुगतान किया है, तो आप इस विकल्प का चयन कर सकते हैं। करदाता द्वारा भुगतान किए गए किसी भी कर के लिए चयनित आकलन वर्ष के लिए चालान सीरियल नंबर और राशि दर्ज करें**


**Option 2-Challan Details of Tax Deposited by Taxpayer ( i.e. Advance Tax, Self Assessment Tax, TDS on Property and TDS on Rent )**

Assessment Year --Select--

Challan Serial Number (5 digits or 8 digits; e.g. 00053 or 00000053)


Amount (Rs.) (e.g., 1987)

**विकल्प 2 -** करदाता द्वारा स्व:आकलन कर, अग्रिम कर और संपत्ति की बिक्री पर टीडीएस और किराए पर टीडीएस के लिए भुगतान किए गए चालान से विवरण भरा जा सकता है।

कॉपीराइट © 2016 आयकर विभाग

# 3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड (जारी..)

**चरण 2 (जारी..) : 'विकल्प 3' (26 क्यू बी संशोधन में स्वीकृति के लिए, विक्रेता और क्रेता इस विकल्प का चयन कर सकते हैं और पंजीकरण प्रक्रिया के लिए आगे जा  सकते हैं)**




**विकल्प 3:** विवरण 26 ए एस/वार्षिक कर विवरण से भरा जा सकता है और सुधार आईडी/अनुरोध आईडी वर्तमान क्रेता द्वारा प्रदान की जाएगी, इस विकल्प का उपयोग 26 क्यूबी सुधार में स्वीकृति के लिए विक्रेता/खरीदार पंजीकरण के लिए किया जा सकता है।

कॉपीराइट © 2016 आयकर विभाग

# 3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड (जारी..)

**चरण 3: करदाता को आगे बढ़ने के लिए संचार पता और मकान नंबर, ब्लॉक, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी जैसे विवरण भरने की आवश्यकता होती है**





अपने ट्रेसेज़ खाते के लिए पता और संचार विवरण दर्ज करें।यह वर्तमान पता होना चाहिए. पैन से भिन्न होने की स्थिति में, कृपया 49ए दाखिल करके विवरण समसामयिक करें।

10 अंकों का मोबाइल नंबर, देश कोड और ई-मेल आईडी दर्ज करना अनिवार्य है

यहां दर्ज किया गया विवरण केवल ट्रेसेज़ में सहेजे जाएगा और पैन डाटाबेस में अपडेट नहीं किया जाएगा
पैन डाटाबेस में विवरण बदलने के लिए www.tin-nsdl.com पर पैन परिवर्तन अनुरोध फॉर्म दर्ज़ करें


# 3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड (जारी..)

## चरण 4: करदाता को आगे बढ़ने के लिए सुरक्षा प्रश्न के बाद एक पासवर्ड बनाने की आवश्यकता है



# 3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड (जारी..)


**चरण 5: करदाता पहले भरे गए सभी विवरण देख सकता है और यदि आवश्यक हो तो विवरण संपादित भी कर सकता है या फिर आगे बढ़ने के लिए उसकी पुष्टि कर सकता है**




कॉपीराइट © 2016 आयकर विभाग

# 3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड (जारी..)

## सफलता का संदेश पटल पर दिखाई देगा




- फॉर्म में सत्यापन की जाँच ट्रेसेज़ (आंतरिक रूप से) द्वारा की जाएगी।
- सफल पंजीकरण पर, सक्रियण लिंक और कोड 48 घंटों के भीतर उपयोगकर्ता के पंजीकृत ईमेल पते पर भेज दिया जाएगा
- यदि सत्यापन विफल हो जाता है, तो जानकारी 48 घंटों के भीतर उपयोगकर्ता के पंजीकृत ई-मेल पते पर भेज दी जाएगी।

कॉपीराइट © 2016 आयकर विभाग

# 3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड (जारी..)

## नए उपयोगकर्ता के रूप में पंजीकरण करें - सफलता संदेश

एक बार अनुरोध सफलतापूर्वक संसाधित हो जाने पर सक्रियण कोड ईमेल के माध्यम से उपयोगकर्ता को भेजा जाता है।

Mr / Ms / M/s TRUST,

Registration for PAN - . has been successfully completed on TRACES.

Activation link to activate account : http://10.48.147.144:9080/nriapp/acctactivation.xhtml

Activation Code : 1Q0L9Z

ईमेल में उल्लिखित सक्रिय खाता लिंक पर क्लिक करें।

Steps for Activation:

1. Click on the activation link within 48 hours of receipt of this email to activate account. You may also copy-paste the link in your browser
2. Enter User Id provided during registration and activation codes sent through email and submit
3. Activation Code should be entered in the field 'Code sent through email'
4. Activation success message will be displayed
5. You may now login to TRACES
6. If activation is not done within 48 hours (from date of registration), account will be deactivated from TRACES. You will have to register again as new user


User Details:

Type of User : Tax Payer

- जब सत्यापन ट्रेसेज़ (आंतरिक रूप से) द्वारा स्वीकृत हो जाए, तो खाते को सक्रिय करने के लिए ई-मेल उपयोगकर्ता को भेजा जाएगा
- यदि उपयोगकर्ता ईमेल प्राप्त होने के 48 घंटों के भीतर लिंक को सक्रिय नहीं करता है, तो टीडीएस सीपीसी में उपयोगकर्ता खाता निष्क्रिय कर दिया जाएगा और पंजीकरण के दौरान उपयोगकर्ता द्वारा दर्ज किया गया सभी डाटा सिस्टम से हटा दिया जाएगा

# 3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड (जारी..)


**करदाता को पंजीकृत ईमेल आईडी पर "सक्रियण लिंक" एवम एक "सक्रियण कोड" प्राप्त होगा, जिसका उपयोग खाते को सक्रिय करने के लिए किया जा सकता है। करदाता को खाता सक्रिय करने के लिए उपयोगकर्ता आईडी और कोड दर्ज करना होगा।**




कॉपीराइट © 2016 आयकर विभाग

# 3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड (जारी..)

## खाता सक्रिय



# 3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड (जारी..)

## पंजीकरण पूरा न होना - अस्वीकृति का संदेश

Mr / Ms / M/s xxxxxxxxxx

Registration has not been processed due to incorrect verification data entered during registration request submission, which are as below:-

**First Name is not as per PAN Master.**

**Incorrect verification data entered in option 2**

Please raise another registration request with correct verification data.

यदि विवरण डाटाबेस से मेल नहीं खाता है, तो पंजीकरण विफलता की सूचना उपयोगकर्ता को भेजी जाएगी


Regards,

Deputy Commissioner of Income Tax
Centralized Processing Cell - TDS

**Note:**
This is a system generated message. Please do not reply to it directly. In case of any queries, you may reach out to us at contactus@tdscpc.gov.in. Visit TRACES at www.nriservices.tdscpc.gov.in

# 3. करदाता के रूप में "एनआरआई करदाता पंजीकरण" के लिए सचित्र गाइड (जारी..)

## ट्रेसेज़ लॉग इन करें




कॉपीराइट © 2016 आयकर विभाग

Government of India
Income Tax Department

TDS Centralized Processing Cell

TRACES
TDS Reconciliation Analysis and Correction Enabling System

# धन्यवाद

**कृपया ध्यान दें:**

1) **प्रतिक्रिया के लिए** : आप हमें अपनी प्रतिक्रिया contactus@tdscpc.gov.in पर साझा कर सकते हैं

2) **किसी भी पूछताछ के लिए:** आप ट्रेसेज़ वेबसाइट पर अपनी शिकायत ऑनलाइन **"रिक्वेस्ट फॉर रेज़लुशन (समाधान के लिए अनुरोध)"** दर्ज़ कर सकते हैं।

3) **वेबसाइट से संबंधित किसी भी पूछताछ के लिए :** आप नीचे उल्लिखित नंबर पर अपने तथ्य रख सकते हैं

| | | |
|---|---|---|
| टोल फ्री | : - | **1800 103 0344** |
| दूरभाष संख्या | :- | **0120 4814600** |

कॉपीराइट © 2016 आयकर विभाग